राजस्थान सरकार

भाषा एवं पुस्तकालय विभाग

डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर ब्लॉक – 8 जवाहर लाल नेहरू मार्ग जयपुर

क्रमांकः प.25(1)निभापुवि/शै.प्र./हिन्दी दिवस/23/ 1341-51 जयपुर दिनांक 14-08-23

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/
प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ट शासन सचिव,
समस्त संभागीय आयुक्त/जिला कलक्टर

18 AUG 2023

परिपत्र

विषयः– हिन्दी दिवस (14 सितम्बर, 2023) पर कार्यक्रमों के आयोजन बाबत।

22/8/23

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा हिन्दी दिवस उत्साहपूर्वक मनाने की परम्परा रही है।

राजभाषा हिंदी के संवर्द्धन हेतु अपेक्षित है कि इस दिन राज्य के समस्त विभागों, कार्यालयों, अर्द्ध सरकारी संस्थानों/मण्डल/बोर्ड/उपक्रमों एवं शैक्षणिक संस्थानों में हिन्दी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाए। इस संबंध में माननीय मुख्य सचिव की ओर से परिपत्रादेश समसंख्यक क्रमांक प. 3(82)भापुवि/रचना/2000/4409–4909 दिनांक 22.08.2000 को जारी किया गया था एवं प्रत्येक वर्ष विभाग द्वारा भी इस संबंध में परिपत्रादेश जारी किये जाते हैं।

अतः आप सभी अधिकारीगणों से आग्रह है कि प्रदेश में हिन्दी के उपयोग हेतु संकल्पबद्ध होकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के अवसर पर आपके अधीनस्थ विभागों, कार्यालयों, संस्थानों/मण्डल/बोर्ड/उपक्रमों एवं शैक्षणिक संस्थानों में समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं आमजन में हिन्दी के प्रति सम्मान एवं दैनिक व्यवहार में हिन्दी प्रयोग के प्रति प्रेरणा एवं उत्साह के संचार की दृष्टि से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं जैसे कि हिन्दी से संबंधित विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन, काव्य गोष्ठी, वाद–विवाद/श्रुतिलेखन/हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आदि।

हिन्दी दिवस के अवसर पर भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन 14 सितम्बर, 2023 को जयपुर में किया जा रहा है। अतः आपके अधीन कार्यरत राजभाषा संपर्क अधिकारी को इस राज्य स्तरीय समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्देशित करावें ताकि हिन्दी प्रयोग के संवर्द्धन हेतु किये जा रहे प्रयासों की उन्हें जानकारी हो सके तथा विभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशन आपके कार्यालय में उपलब्ध करवाया जा सके।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आपके अधीनस्थ/कार्यालय/संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों की सूचना एवं रिपोर्ट निदेशक, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, ब्लॉक 8, शिक्षा संकुल, जयपुर, राजस्थान को भिजवाने का श्रम करावें। इन कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से भी करवाया जाना सुनिश्चित करावें। संपूर्ण प्रदेश में हिन्दी प्रयोग के सुखद वातावरण के सृजन के लिए आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

(नवीन जैन)
शासन सचिव
स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

कमांकःएफ.7 (4) (160) विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट/161 दिनांकः 13 सितम्बर, 2023

पृष्ठांकित 'प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर ।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय/निजी महाविद्यालय, राजस्थान को निर्देशित किया जाता है कि उक्त परिपत्र (हिन्दी दिवस पर कार्यकमो के आयोजन बाबत) में प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना किया जाना सुनिश्चित करें।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 सीमा कश्यप)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक